दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 87 मुरादाबाद 22 July 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## देश को मिला 15वां राष्ट्रपति, तीसरे दौर की मतगणना के बाद ही द्रौपदी मुर्मू ने जीता राष्ट्रपति चुनाव, मिले 577778 वोट



देश को आज 15वां राष्ट्रपति मिल गया रायसीना हिल की दौड़ के लिए पहले राउंड की काउंटिंग में एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को काफी पछाड़ दिया है। पहले राउंड में मुर्मू को 748 में से 540 वोट मिले। जबकि यशवंत सिन्हा को 208 मत मिले। मुर्मू की जीत की हुई और देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनी 18 जुलाई को हुए राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे आज घोषित हुए । संसद भवन में वोटों की गिनती पूरी हुई पहले चरण की गिनती में सांसदों के वोट गिने गए। राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी ने बताया कि द्रौपदी मुर्मू ने 3,78,000 के मूल्य के साथ 540 वोट हासिल किए हैं और यशवंत सिन्हा ने 1,45,600 के मूल्य के साथ 208 वोट हासिल किए हैं। कुल 15 वोट अवैध थे। द्रौपदी मुर्मू ये चुनाव जीती और वह पहली आदिवासी महिला होंगी जो राष्ट्रपति बनी। कई राज्यों में द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में हुई क्रास वोटिंग से भी उनकी जीत पक्की मानी जा रही है। बता दें कि मौजूदा राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द का कार्यकाल 24 जुलाई को खत्म हो रहा है। नए राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण 25 जुलाई को होगा।

## अखिलेश यादव का बीजेपी सरकार पर तंज, क्या दूध दही से बने मुहावरों पर भी GST देना पड़ेगा ?



समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने केंद्र की बीजेपी सरकार पर तंज कसा है। अखिलेश यादव ने कहा कि दूध-दही समेत कई चीजों पर सरकार ने जीएसटी लगा दी। कृष्णा जन्माष्टमी के ठीक एक महीने दूध, दही और छाछ पर जीएसटी लगाकर कृष्ण भक्तों को चोट दी गई है। उन्होंने तंज करते हुए कहा कि क्या अब क्या दूध दही से मुहावरों पर भी त्स्ज्ञ देना पड़ेगा? अखिलेश यादव ने गुरुवार सुबह एक ट्वीट किया। अखिलेश यादव ने लिखा कि भाजपा सरकार ने दूध, दही, छाछ पर GST लगाकर जो चोट कृष्ण भक्तों को दी है, उससे आहत होकर हर एक भोला कृष्ण भक्त पूछ रहा है कि क्या अब दूध का जला, छाछ को भी..., दूध... दूधो नहाओ..., दही जमना जैसे लोकोक्ति-मुहावरों पर भी GST देना पड़ेगा? आपको बता दें कि केंद्र सरकार ने दूध, दही और छाछ समेत जरूरी सामानों पर इसी जुलाई से जीएसटी लगा दिया है। ऐसे में इन वस्तुओं की कीमत बढ़ गई। दूध-दही और छाछ की कीमतों में पांच से दस प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

## उपराष्ट्रपति चुनाव में वोट नहीं देगी TMC, राष्ट्रपति चुनाव में यशवंत सिन्हा को बनाया था उम्मीदवार



उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर ममता बनर्जी ने बड़ा फैसला किया है। टीएमसी सांसद और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी ने बताया की टीएमसी उपराष्ट्रपति चुनाव में वोटिंग से दूर रहेगी। बता दें कि शरद पवार ने टीएमसी से कहा था कि वह विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा का समर्थन करें। इसपर टीएमसी की तरफ से कहा गया था कि संसदीय दल की बैठक के बाद 21 जुलाई को ही अंतिम फैसला लिया जाएगा।

### यशवंत सिन्हा को बनाया था राष्ट्रपति उम्मीदवार

राष्ट्रपति चुनाव से पहले ममता बनर्जी काफी सक्रिय नजर आई थीं। उन्होंने दिल्ली पहुंचकर विपक्षी दलों की बैठक की थी। हालांकि उस बैठक में राष्ट्रपति उम्मीदवार पर फाइनल फैसला नहीं लिया जा सका था। बाद में टीएमसी नेता रहे यशवंत सिन्हा को राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया गया। यशवंत सिन्हा की उम्मीदवारी तय होने के बाद उन्होंने टीएमसी से इस्तीफा दे दिया था। राष्ट्रपति चुनाव में इतना ऐक्टिव रहने वाली पार्टी का उपराष्ट्रपति चुनाव में वोटिंग से किनारा कर लेना हैरान करने वाला फैसला है।

### क्यों बनाई वोटिंग से दूरी

अभिषेक बनर्जी ने वोटिंग से दूरी बनाने की वजह भी बताई। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने उम्मीदवार घोषित करने से पहले टीएमसी से कोई सलाह नहीं की और बिना बताए मार्गरेट अलवा को उम्मीदवार बना दिया। उन्होंने कहा कि एनडीए उम्मीदवार का समर्थन करने का कोई प्रश्न ही नहीं है। ऐसे में टीएमसी को वोटिंग से दूरी बनाने का ही फैसला करना पड़ा।

### धनखड़ ने भी की थी समर्थन की अपील

कुछ दिन पहले ही ममता बनर्जी और जगदीप धनखड़ के बीच मुलाकात हुई थी। सूत्रों का कहना हैकि धनखड़ ने भी उनसे समर्थन कीअपील की थी। राज्यपाल रहते हुए धनखड़ और ममता बनर्जी के बीच की स्थिति सभी जानते हैं। हालांकि राजभवन छोड़ने से पहले जगदीप धनखड़ ने ममता बनर्जी से अपील की थी कि वे उनकी फॉर्मैलिटी जल्दी पूरी करवा दें। इसपर ममता बनर्जी ने भी मदद का आश्वासन दिया था।

## कांवड यात्रा के चलते उत्तर प्रदेश के इन 11 शहरों में स्कूल- कॉलेज बंद



गाजियाबाद में 22 से 26 जुलाई तक सभी माध्यमिक, सीबीएसई, आईसीएसई और डिग्री कॉलेजों में अवकाश घोषित कर दिया है। कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट गाजियाबाद ने आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी करते हुए जानकारी दी है। आपको बता दें, श्रावन शिवरात्रि का महीना चल रहा है और सड़कों पर श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की अधिक संख्या होने पर गाजियाबाद डीएम की अनुमति के बाद गाजियाबाद बेसिक शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों को 22 से 26 जुलाई तक बंद होने के आदेश जारी किए हैं। छात्रों और शिक्षकों को स्कूल कॉलेज संस्थान जाने में हो रही है दिक्कत श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की संख्या सड़कों को लगातर बढ़ रही है, ऐसे में स्कूल, कॉलेज और अन्य शैक्षणिक संस्थान के छात्र, छात्राओं, स्टाफ को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी परेशानी को हल करते हुए ये निर्णय लिया गया है। बता दें, 27 जुलाई से स्कूलों को दोबारा खोल दिया जाएगा। इसी के साथ यदि स्कूल, डिग्री कॉलेज या शैक्षणिक संस्थान नियमों का पालन नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। माता पिता को सलाह दी जाती है, 22 से 26 जुलाई के बीच बच्चों को ऐसी जहग पर न भेजें जहां श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की संख्या अधिक है। आपको बता दें, गाजियाबाद नहीं, श्रद्धालुओं और कांवड़ियों के चलते उत्तर प्रदेश के मेरठ और हरिद्वार में छोटी कक्षाओं के छात्रों के लिए स्कूलों बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। श्रावण के शुभ अवसर पर,

उत्तर प्रदेश सरकार ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर नॉनवेज और अंडों की दुकानों को 26 जुलाई तक बंद रखने का आदेश दिया है। इसी के साथ रास्ते में आने वाली शराब की दुकानों के फ्रंट को टीनशेड या तिरपाल से ढकने को आदेश दे दिया है।

### यहां बंद हो रहे हैं स्कूल

कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों की भारी भीड़ को देखते हुए पश्चिमी यूपी के विभिन्न जिलों में 27 जुलाई तक स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे।चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय ने एलएलबी का पेपर भी स्थगित कर दिया है जो 19 जुलाई को निर्धारित किया गया था। बीएड और अन्य परीक्षाओं के कम से कम 6 पेपर भी स्थगित कर दिए गए थे क्योंकि वे पहले कांवर यात्रा ( 14 जुलाई से 27 जुलाई ) के दौरान निर्धारित थे। सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बागपत, हापुड़, गाजियाबाद, नोएडा, बिजनौर, अमरोहा और मुरादाबाद के जिला प्रशासन ने 19 जुलाई से स्कूलों और कॉलेजों में अवकाश घोषित कर दिया है और वे 28 जुलाई को फिर से खुलेंगे। इन जिलों में सड़कों पर कांवड़ियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। शिवरात्रि ( 26 जुलाई ) के दिन हरिद्वार, ऋषिकेश और अन्य स्थलों से कांवर लाकर भगवान शिव को चढ़ाने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित मार्ग प्रदान करने के लिए सड़कों और राजमार्गों को या तो बंद कर दिया गया है या यातायात को डायवर्ट कर दिया गया है। सोमवार को रोडवेज की बस की मोटरसाइकिल से टकरा जाने से दो कांवड़ियों की मौत हो गई। गुस्साए श्रद्धालुओं ने दो घंटे से अधिक समय तक हाईवे को जाम कर दिया और विभिन्न बसों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। ऐसे में छात्रों को कोई परेशानी न हो, ये निर्णय लिया गया है।

# सदस्या ने संयुक्त जिला चिकित्सालय एवं वृद्धाश्रम का किया औचक निरीक्षण

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या कुमुद श्रीवास्तव ने संयुक्त जिला चिकित्सालय,भिनगा का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान सदस्या ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया तथा इलाज के लिए आये मरीजों से बातचीत कर उनका कुशलक्षेम भी जाना।सदस्या ने जच्चा-बच्चा वार्ड, महिला वार्ड, लेबर रूम सहित अन्य वार्डो का गहनता से निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधीक्षक को निर्देशित किया की अस्पताल में भर्ती मरीजों को कोविड-19 नियमों का पालन अवश्य करायें एवं गर्भवती महिलाओं को खान-पान, दवा-इलाज, टीकाकरण आदि में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होने जोर देते हुए कहा कि देश एवं प्रदेश की सरकार जन-जन को स्वस्थ्य रखने के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलायी जा रही है। इसलिए सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाएं उन्हें समय से मुहैया करायी जाएं। संस्थागत प्रसव वाली महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत समय से लाभान्वित भी किया जाए, ताकि उन्हें बार-बार अस्पताल का चक्कर न



लगाना पड़े।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी आशुतोष, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 जेता सिंह, डा0 एन0एन0 पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, महिला थाना प्रभारी मंजू पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे। उन्होंने यह भी कहा कि आज हमारे समा में बुजुर्गों को दोयम दर्जे के व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। बुजुर्गों के सामने स्वास्थ्य के अतिरिक्त मुख्य समस्या अकेलेपन की है। बड़े होने पर बच्चे अलग रहने लगते हैं और केवल विशेष अवसरों पर ही वे उनसे मिलने आते हैं। कभी-कभी उनसे मिले महीने या वर्ष भी गुजर जाते हैं। इसलिये हम सबका दायित्व बनता है कि अपने-अपने माता-पिता को अपने पास रखें और उनके अकेले पन को दूर रखें। आश्रम में जो भी वृद्धजन आवासित है यदि उनको कोई समस्या है तो वे हमे कभी भी बता सकते हैं मैं उनकी सेवा के लिये हमेशा तत्पर रहूंगी। इस दौरान ज्ञात हुआ कि वृद्धाश्रम में कई वृद्धजनों को वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिल पा रही है।

जिस पर मा0 सदस्या ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिया कि उन्हें चिन्हित करते हुए पेंशन की अग्रिम कार्यवाही करायी जाए। मा0 सदस्या ने यह भी कहा कि यदि वृद्धजनों को किसी भी प्रकार की दिक्कत हो तो वे बेझिझक उनसे सम्पर्क कर उनके नम्बर-9044252520 पर अपनी समस्या बता सकते है, निश्चित ही उन समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी आशुतोष, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ, महिला थाना प्रभारी मंजू पाण्डेय सहित वृद्धजन उपस्थित रहे।

# श्रावस्ती पुलिस ने अपराधियों पर कसा शिकंजा दो गिरफ्तार

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - थाना कोतवाली भिनगा पुलिस ने अभियुक्त गोबरे पुत्र बंशीलाल निवासी त्रिभुवना रामनगर थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती को 20 लीटर नाजायज कच्ची शराब के साथ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना को0भिनगा पर मुकदमा अपराध संख्या 344/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया । थाना नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती ने अभियुक्त बच्चाराम पुत्र स्व0 सुखराम निवासी बैदौरा मसरिख थाना नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती जनपद श्रावस्ती को एक नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया अभियुक्त के विरुद्ध थाना श्रावस्ती पर मुकदमा अपराध संख्या 62/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया।

# याकूत गंज कर्जे से परेशान व्यापारी ने बेटी को गोली मार स्वयं की आत्महत्या: दुर्घटना में किसान की मौत



हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद- याकूत गंज कर्जे से परेशान हलवाई प्रमोद राजपूत ने बेटी को गोली मारने के बाद स्वयं गोली मारकर आत्महत्या कर ली, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। प्रमोद कोतवाली फतेहगढ़ के ग्राम याकूतगंज निवासी बाबूराम का 40 वर्षीय पुत्र था। हलवाई प्रमोद राजपूत मिठाई की दुकान चलाता था आज सुबह प्रमोद ने 7 वर्षीय बेटे अंश को पढ़ने के लिए स्कूल भेज दिया। पत्नी मिथिलेश नीचे कमरे में काम कर रही थी 17 वर्षीय बेटी मुस्कान दो मंजिलें पर खाना बना रही थी। प्रमोद काफी कर्जे के कारण टेंशन में रहता था प्रमोद तमंचा लेकर दो मंजिले कमरे में गया उसने नजदीक से बेटी के पीठ में तमंचे से गोली मारी गोली। गोली पीठ को चीरती हुई पेट से निकल गई उसके बाद प्रमोद ने गर्दन के पास थोड़ी में तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। तमंचे की आवाज सुनकर मिथिलेश ऊपर वाले कमरे में गई पति व बेटी को लहूलुहान देखकर बेहाल हो गई। मुस्कान कक्षा 8 में पढ़ती थी हत्या में प्रयोग किया गया तमंचा पड़ा था। सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक अजय प्रताप, सीओ सिटी कोतवाली प्रभारी एवं फॉरेंसिक टीम ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। एएसपी अजय प्रताप ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जाएगी। मिथिलेश ने पुलिस को बताया कि पति पर काफी कर्जा था जिसके कारण वह काफी परेशान रहते थे।

# जेठ ने मां-बेटे को नहर में फेंका

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - एक व्यक्ति ने अपने ही छोटे भाई की पत्नी व बच्चे को नहर में धक्का दे दिया। इससे दोनों नहर में गिर गए और डूबने लगे। लोगों की तरफ से महिला को तो सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। वहीं बच्चे का सुराग नहीं लगा है। जिले के डोमाई गांव के पास राप्ती मुख्य नहर में एक महिला पानी में बहती दिखाई दी। नहर किनारे खेल रहे बच्चों की नजर महिला पर पड़ी तो वे शोर मचाने लगे। पास में ही नहर चौकी पर तैनात चौकीदार चिनकू मौके पर पहुंच गया और नहर में कूदकर महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लाया। पूछताछ पर महिला की पहचान डोमाई गांव निवासी रेनू देवी पुत्री राम फकीरे के रूप में हुई। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। रेनू ने बताया की उसके साथ उसका मासूम बेटा भी था। रेनू ने आरोप लगाया कि उसका जेठ राम उग्गर पुत्र सुकई निवासी पाराबन कोतवाली भिनगा उसे मायके छोड़ने ला रहा था। गांव के पास पहुंचते ही जेठ ने उसे बेटे सहित नहर में फेंक दिया जिससे बच्चा पानी में डूब गया है। पिता राम फकीरे को मौके पर बुलाया गया। लेकिन किसी बात से नाराज पिता ने रेनू को पहचानने से इनकार कर दिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। इस पर सिरसिया प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने नहर में बच्चे की तलाश कराई लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। टीम ने देर तक नहर में सर्च अभियान चलाया लेकिन फिर भी बच्चा नहीं मिला। पुलिस महिला को लेकर थाने चली आई। इस बीच सूचना मिली कि बलरामपुर जनपद के ललिया थाना क्षेत्र के उदरहिया गांव के पास नहर से एक बच्चे का शव मिला है। सूचना पर पुलिस के साथ महिला को शव की शिनाख्त के लिए ललिया थाना भेजा गया।

# शहर की सड़कों पर लगा भीषण जाम बुधवार को शहर की सड़कों पर कई स्थानों पर रुक रुक कर

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद- बुधवार को शहर की सड़कों पर कई स्थानों पर रुक रुक कर भीषण जाम लगा रहा। यातायात पुलिस इस ओर ध्यान नहीं दे रही। जिसकी वजह से लोग घंटों जाम में फंसे रहे। टाउनहाल तिराहे पर दोपहर के समय देर तक जाम लगा रहा। जिसकी वजह से वाहन फंसे रहे। स्कूली बच्चों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा बस स्टेशन के सामने वाहनों के आड़े तिरछे खड़े होने के कारण जाम की स्थिति बनी रही। बीते दिनों बस अड्डे के सामने से स्ट्रीट वेंडरों को हटाया गया था लेकिन स्ट्रीट वेंडर फिर से सड़क किनारे खड़े होने लगे हैं जिसकी वजह से यहां जाम की स्थिति हर रोज बन रही है।

# ससुराल में रह रहे युवक ने की खुदकुशी

बदायूं- युवक ने घर में फंदे से लटककर खुदकशी कर ली। घटना की वजह घरेलू कलह बताई जा रही। ससुराल वालों का भी कहना है कि पत्नी से उसकी अनबन चल रही थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया तो रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है। फिलहाल पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। बरेली के थाना अलीगंज इलाके के गैनी अलीगंज गांव निवासी हिमांशु 28 वर्ष की शादी चार साल पहले बदायूं निवासी हिमांगी से हुई थी। बताया जाता है कि शादी के दो साल बाद ही हिमांशु ने बरेली में मौजूद अपना घर व जमीन बेच दी और ससुराल में आकर बस गया। ससुर ने पोस्टमार्टम हाउस पर बताया कि अक्सर हिमांशु की उसकी पत्नी से किसी न किसी बात पर कलह होती थी। घटना के समय परिवार के लोग दूसरे कमरे में थे। इसी दौरान हिमांशु ने दूसरे कमरे में फंदा डालकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## मुरादाबाद में कॉलेज प्रशासन की दबंगई पीड़ित परिवार के साथ घर में घुसकर की मारपीट परिवार का आरोप बेटी का कराया था दूसरे कॉलेज में दाखिला

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-ग्राम गजगौला नानकवाणी उमरी सब्जीपुर का सामने आया है जहां एक पीड़ित परिवार ने कॉलेज प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते मुरादाबाद एसएसपी को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है दरअसल पीड़ित विजय सिंह का आरोप है कि जयप्रकाश नामक व्यक्ति जो एस बी आर एम पब्लिक स्कूल चलाते हैं उन्होंने हमारे घर में घुसकर हमारे साथ मारपीट की है दरअसल पीड़ित का आरोप है इसी कॉलेज में हमारी पुत्री कक्षा 8 में पढ़ती थी लेकिन हमने अपनी बेटी तनु का दाखिला किसी अन्य विद्यालय में करा दिया था लेकिन कॉलेज के जयप्रकाश का कहना था कि तनु को हमारे ही कॉलेज में 12 वीं क्लास तक पराए वही पीड़ित परिवार का कहना है कि जयप्रकाश के स्कूल की मान्यता 12वीं तक नहीं थी इसलिए उन्होंने उसका दाखिला किसी और अन्य स्कूल में करा दिया इसी बात से जयप्रकाश नाराज होकर पीड़ित परिवार से अपशब्द भाषा का प्रयोग करने लगा पीड़ित का कहना है कि जयप्रकाश के पिता विनोद से दूध को लेकर उनकी कहासुनी हो गई थी जिसके बाद जयप्रकाश अपने भाई के साथ हमारे घर में घुस आया ओर मुझे जातिसूचक शब्द बोलते हुए मुझे और मेरी पत्नी के साथ के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया जिसकी शिकायत मैंने पुलिस से की लेकिन पुलिस ने मेरी कोई शिकायत के आधार पर कोई कार्यवाही नहीं की जिसको लेकर मैंने आज मुरादाबाद एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है तो वहीं इस मामले को लेकर मुरादाबाद एसएसपी ने ष्य हाईवे को जांच के आदेश दिए हैं

## मुरादाबाद विकलांग महिला के साथ, दबंगो ने की मारपीट

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- जिला मुरादाबाद लालबाग क्षेत्र के अंतर्गत एक विकलांग महिला के साथ मारपीट का एक मामला प्रकाश में आया है। पूरा मामला बताते चलें, पीड़ित विकलांग शबाना का आरोप है कि 15 जुलाई को वह घर पर अपनी अकेली थी। किसी बात को लेकर पीड़ित शबाना की भाभी आरिफा अपने बच्चों को मारने पीटने लगी। पीड़ित शबाना ने जब अपनी भाभी आरिफा को रोकना चाहा तो उल्टा आरिफ़ा ने पीड़ित शबाना को ही मारना पीटना शुरू कर दिया और अपने परिवार वालों व कुछ दबंगों को घर बुला लिया और पीड़ित विकलांग शबाना की बेरहमी से पिटाई कर दी तथा दबंगों ने पीड़ित विकलांग शबाना का मोबाइल भी उससे छीन लिया। पीड़ित शबाना का आरोप है कि, मोबाइल के साथ साथ दबंग उससे ?3000 नकद भी छीन कर ले गए। पीड़ित विकलांग का कहना है कि पुलिस ने कार्रवाई की बजाए उसे टरका दिया। हालांकि पुलिस ने पीड़ित विकलांग का मोबाइल उसे सौंप दिया है। पीड़ित विकलांग का कहना है कि, आरोपियों के विरुद्ध कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद बुधवार को पीड़ित विकलांग ने मुरादाबाद के इंसाफ पसंद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय को प्रकरण की जानकारी देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। अब देखना यह होगा कि, पीड़ित को आखिर कब तक इंसाफ मिल पाएगा यह तो अब आने वाला समय ही बताएगा।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मे 100 जोड़े हुए एक दूसरे के

नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-भगतपुर/ ब्लॉक भगतपुर टांडा मे गुरुवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत हुए शादी समारोह में 100 जोड़े परिणय सूत्र में बंध गए। दाम्पत्य सूत्र में बंधने वाले इन जोड़ो में 55 हिन्दू व 45 मुस्लिम जोड़े शामिल हैं, जिन्होंने इस योजना की औपचारिकताएं पूरी करते हुए अपना-अपना पंजीकरण कराया था। इन जोड़ों की शादी का गवाह बना शांति देवी इंटर कॉलेज भोजपुर, जहां प्रशासन के द्वारा भव्य तैयारियां आरम्भ करते हुए विवाह के लिए इन हिन्दू व मुस्लिम जोड़ों को उनके परिवार, नजदीकी रिश्तेदारों के साथ आमंत्रित किया गया था। योजना मे शामिल होने जोड़े सुबह से ही यहां पहुंचना आरंभ हो गए थे। मुख्य अतिथि के रुप मे ब्लॉक प्रमुख भगतपुर टांडा संतोष कुमार ठाकुर, एवं विशिष्ट अतिथि भजन लाल पाल ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को गरीब परिवारों के हित व कल्याण की बताते हुए सभी ने इन जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। वहीं विवाह योजना के तहत जोड़ों को शासन स्तर से निर्धारित गिफ्ट के पैकेट ( दहेज ) भी दिए गए। खंड विकास अधिकारी कमल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत कुल 100 जोड़ो का विवाह कराया जा रहा है। जिसमे 55 जोड़े हिन्दू है जिनका हिंदू रिति रिवाज से अग्नि के सात फेरे लेकर विवाह संपूर्ण कराया गया जबकि 45 मुस्लिम जोड़ो के निकाह कराए गये।

## एक शिक्षक के सहारे चल रहा भगतपुर क्षेत्र के गांव आदोनगली जूनियर हाईस्कूल




नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-भगतपुर विकास खण्ड भगतपुर क्षैत्र के ग्राम पंचायत धोसीपुर बाबूपुर के गांव आदोनगली का जूनियर हाई स्कूल आदोनगली में एक शिक्षक के सहारे चल रहा है। शिक्षकों के अभाव में स्कूल में शिक्षण करने वाले छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बार-बार मांग करने के बावजूद स्कूल में शिक्षक की तैनाती नहीं की जा रही है। आदोनगली के जूनियर हाईस्कूल में 62 छात्र-छात्राएं पंजीकृत है। इनमें कक्षा छह कक्षा सात कक्षा आठ में बच्चे पंजीकृत है। इन बच्चों को शिक्षण कराने की जिम्मेदारी एक शिक्षक पर है। शिक्षक के अभाव में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शिक्षक एक समय में एक ही क्लास के बच्चों को पढ़ाता है। ग्राम प्रधान का कहना है कि कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत करा कराया जा चुका है, मगर समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। बही बीएसए सद्दीक अहदम से दूरभाष पर बात करने पर उन्होंने बताया की शिक्षकों को स्कूलों का आवंटन पोर्टल के माध्यम से शासन स्तर से करने का प्रावधान है। विभागीय स्तर से स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो सकती है।

## भगतपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत बुढ़ानपुर कला में हुआ पौधारोपण

नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- भगतपुर- क्षेत्र के ग्राम पंचायत बुढ़ानपुर कला में ग्राम प्रधान देवेंद्र कुमार ने मनरेगा मजदूरों से गांव में लगभग दो हजार पौधों को लगवाने का कार्य किया। गांव के श्मशानघाट एवं कब्रिस्तान ,तालाब ओर श्र2स्र रोड किनारे पर पौधारोपण कराया । जिसमे पंचायत को मनरेगा से 1620 पौधे एव ग्राम निधि से 380 मिले जसमे 380 पौधे गांव के लाभार्थियों को बितरण किये गए जीका गांव के लोगो ने पौधारोपण किया । साथ ही गांव के कई अन्य लोगों ने भी पौधारोपण में श्रमदान किया। ग्राम प्रधान एव गांव के लोगों ने पौधारोपण किया। ग्राम प्रधान देवेंद्र कुमार ने बताया कि वन विभाग के द्वारा दो हजार पौधे दिए गए जिनको श्मशान भूमि एवं खाली पड़ी भूमि पर मनरेगा मजदूरों द्वारा पौधरोपण कराया गया । जसमे 380 पौधे गांव के लाभार्थियों को बितरण किये गये।

## बादी दिवस में सीओ सागर जैन ने सुनी जनता की समस्याएं

नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद भोजपुर- बृहस्पतिवार को थाना भोजपुर प्रांगण में लगे बादी दिवस में एएस पी ठाकुरद्वारा सीओ सागर जैन जनता की समस्या सुनने पहुंचे, बादी दिवस के मौके पर क्षेत्र से कुल आठ समस्या मिली, जिसमें सीओ सागर जैन ने तीन समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया, जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए थाना प्रभारी को आदेशित कर जल्द से जल्द समस्या का गहनता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए, थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताते हुए कहा कि थाने में बादी दिवस में मिली शिकायतों का जल्द निस्तारण किया जाएगा, आज मिली शिकायतों में आठ में से 3 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया है।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रधान ने कराया पौधारोपण

नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ( भगतपुर )- क्षेत्र के ग्राम पंचायत घोसीपुर बाबुपुर में ग्राम प्रधान ने मनरेगा मजदूरों से गांव में लगभग दो हजार पौधों को लगवाने का कार्य किया। गांव के श्मशानघाट एवं कब्रिस्तान ,तालाब ओर ग्राम समाज भूमि पर पौधारोपण कराया हैं। पौधारोपण किया गया। साथ ही गांव के कई अन्य लोगों ने भी पौधारोपण में श्रमदान किया। वन विभाग के द्वारा चार प्रजातियों शीशम, जामुन, सागौन के दो हजार पौध दिए गए थे। ग्राम प्रधान एव गांव के लोगों ने पौधारोपण किया। ग्राम प्रधान ने बताया कि वन विभाग के द्वारा चार प्रजातियों के दो हजार पौधे दिए गए जिनको श्मशान भूमि एवं खाली पड़ी भूमि पर मनरेगा मजदूरों द्वारा पौधरोपण कराया गया

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख ,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Wickremesinghe's victory

Getting a new President for Sri Lanka, which is in deep economic-social crisis, is a step towards a solution. The special thing is that the new President has not been imposed on the country. Ranil Wickremesinghe is elected with a majority in the Sri Lankan Parliament. He left behind stalwart leaders like Dallas Alhapperuma and Anura Kumara Disanayake in the election. Wickremesinghe, who was the Prime Minister of the country six times, has won by 134 votes. After winning the election, he appropriately addressed the people of the country.


He has acknowledged that the country is in a very difficult situation, we have many big challenges before us, but he has to keep in mind that Parliament has chosen him not to enumerate the challenges, but to deal with the challenges. If Sri Lankan lawmakers have given preference to Ranil Wickremesinghe's experience in this election held on Wednesday, then it is only justified.

His rival politicians did not have that much experience, while MPs feel that it is time to use the experience. It is worth noting that the ongoing negotiations with the International Monetary Fund have progressed and Wickremesinghe is taking this work forward, so choosing a new president now could have affected the talks. Then Wickremesinghe's contacts with foreign leaders can also be useful for the country. From where the head of the Rajapaksa family has fled the country, it will mean a lot to turn the country in the direction of reform. If this work is done by Wickremesinghe, then his name will be recorded in history forever.

Such a crisis did not come in any country of South Asia, Sri Lanka is in such a situation today that most of the countries of the world are hesitant to help it. This country is so surrounded by scarcity that the lending nations are seeing their money sinking.““However, Ranil Wickremesinghe also has less time. People were demanding resignation not only from Rajapaksa but also from Wickremesinghe. Wickremesinghe's house was also set on fire, but even then he has proved to be the first choice of Parliament. It is being told that in this election, Dallas Alhapperuma was being told the choice of the people. There is also an apprehension that people will not accept Wickremesinghe as President. Protests may start in the country afresh, but if it happens, it will only spoil Sri Lanka's time. For now, it is better that Sri Lanka, with the help of Wickremesinghe's experience, starts showing signs of a quick recovery from the current crisis. Therefore, the President of Sri Lanka should keep a fixed time-frame for himself and within that should fulfill the needs of the country.

Like, he should tell when he will solve the oil or energy crisis in the country? Within a couple of days, he will have to make the country feel confident. The people in all the troubles they are surrounded by, they will definitely have less patience, but people should respect the decision of the Parliament now. If elections are held again, it will increase the economic burden on the country. Therefore, keeping restraint, people should play a cooperative role in removing the shortage of basic things like fuel, food, medicine.


# Urvashi Rautela wore such jeans in a fashion affair, seeing the cut of which the fans remembered Urfi Javed



Urvashi Rautela is always in discussion about her fashion sense, bold and glamorous looks. She is active on social media and shares many of her photos and videos. Now Urvashi has shared some of her photos from the flight, in which her fashion blunder is visible. Actually, Urvashi is wearing a pink color top and denim jeans. Denim jeans have many cuts from the front, but there are also some cuts in the jeans from the back, due to which the fans are surprised to see the photo shared by Urvashi. These photos of Urvashi are becoming viral on social media. Urvashi shared the photos and wrote, 'Popopo...world promotions for my pan Indian mega budget film The Legend. It will be promoted in UAE, Malaysia, Singapore, Indonesia, Philippines, Vietnam and Thailand. Although the fans did not like this look of Urvashi. Some users are trolling the actress, while her fans are supporting her completely. He is saying that Urvashi's fashion sense is amazing. At the same time, some even compared Urvashi's style to Urfi Javed. Last Urvashi was seen in the film version Bhanupriya. Now she will be seen in films Dil Hai Gray and Black House.

# Riteish Deshmukh said, I worked in 4-5 sex comedies, at that time my father was the Chief Minister

Riteish Deshmukh is away from Bollywood nowadays but keeps tickling the fans on social media. His videos are quite popular. He is the favorite actor of the industry. Although as a solo hero, he does not have any special hits. He has worked in some sex comedy movies. They don't care at all what their kids will think about these films when they grow up. During an interview, he said that he got a chance to experiment with his roles. He acted in sex comedy when his father Vilasrao Deshmukh was the Chief Minister of Maharashtra. Didn't think what the kids would think – Riteish has worked in films like Masti, Grand Masti, Kya Kool Hain Hum and Kya Super Kool Hain Hum. Ritesh said in an interview to ETimes, I am the only actor who did 4-5 sex comedies. I'm not ashamed of this in the slightest. There were no more offers after one point. I never thought about what my children would think in the future. My father was the Chief Minister of Maharashtra when I did these films. I chose it. My parents never said do this and not this. He gave me the freedom to choose the things I want. Talk about my children what they see, they don't even know about my work. Children don't understand stardom- She told about her kids Rahil and Riaan that she doesn't even know that she is a well-known celebrity. Friends in his school tell that his father is a star. Ritesh says, my children still do not understand why fans and paps want to click pictures with me. They don't understand stardom. Fame is a temporary thing. What you think of as fame can only be an illusion. My kids go to school and their friends tell you that your father is a star. I tell my children to tell their friends that my father goes to work every day to run the house and entertain the family.



# महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए:–रामसखी कठेरिया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा– लोक निर्माण विभाग एटा के गेस्ट हाउस में राज्य महिला आयोग की सदस्य रामसखी कठेरिया ने पीड़ित महिलाओं से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुना, और उनसे लंबी पूछताछ करते हुए गंभीर प्रकरणों पर जिला प्रशासन व पुलिस को निर्देश दिये कि महिलाओं के गंभीरता प्रकरणों पर तत्काल पुलिस को कार्यवाही करनी चाहिए,जिले में कहीं भी किसी प्रकार की कोई भी महिला जिले में पीड़ित है तो उसे जल्द से जल्द न्याय मिलना चाहिए। क्योकि मिशन शक्ति सरकार की महत्वपूर्ण योजना है इसका पालन हर हाल में होना चाहिए। इसी तरह का एक प्रकरण ग्राम फफोतू कि पीड़िता ने सामूहिक दुराचार को लेकर अपनी व्यथा सुनाई ,उसने कहा कि पिछले दो-तीन माह से लगातार उसका उत्पीड़न हो रहा है और पुलिस ने उसके आज तक उससे पूछताछ भी नहीं की है। पीड़िता थक हार कर न्यायालय की शरण में पहुंची है । ऐसा ही प्रकरण कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ग्राम कुठिला लायकपुर



का सामने आया है, नाबालिक बालिका के साथ बहला-फुसलाकर भगा ले जाना और उसके साथ दुराचार जैसी स्थिति पैदा होना गंभीर विषय है। इसी के साथ थाना मलावन क्षेत्र की महिला ने अपने पुत्र की हत्या के संबंध में निष्पक्ष जांच के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। पीड़िता अनीता देवी ने कहा कि उसके पुत्र की आज तक पुलिस द्वारा निष्पक्ष जांच नहीं की जा रही है। और अब तो उसे जिले की पुलिस से भरोसा ही उठ गया है। इसलिए वह महिला आयोग की शरण में है। अगर आयोग गंभीरता से इस प्रकरण पर विचार करें और किसी अन्य स्थान से इस प्रकरण की जांच कराएं तो मुझे न्याय मिल सकता है। इसी तरह महिला आयोग की सदस्य ने अन्य कई एक महिलाओं की समस्याओं को सुनते हुए उपस्थित पुलिस अधिकारियों से प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उनके निराकरण के लिए निर्देशित किया है और कहा है कि जिला प्रशासन और पुलिस महिलाओं के प्रकरण पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए उनको न्याय दिलाएं, और अपराधियों को उनकी जगह भेजा जाए। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी यश कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी सिटी कालू सिंह, महिला थाना प्रभारी, के साथ साथ बालकल्याण समिति के शुखवीर सिंह अपनी टीम सहित मौजूद रहे।

# महात्मा गांधी और बुद्ध के संदेशों के प्रचार-प्रसार की बेहद जरूरत–कृष्ण मुरारी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा ! आज समूचे विश्व में शांति, सदभाव और सौहार्द की बेहद जरूरत है। ऐसे समय जब विश्व में साम्राज्य वादी ताकतें अपने साम्राज्य विस्तार की खातिर युद्धोन्माद को बढ़ावा दे रही हैं, उस दशा में महात्मा गांधी और बुद्ध के संदेशों का प्रचार-प्रसार समय की सबसे बड़ी मांग है। इसी उद्देश्य को लेकर हम सभी साथी प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता और मैगसैसे पुरस्कार से सम्मानित भाई संदीप पाण्डेय जी के आह्वान पर साईकिल यात्रा कर रहे हैं। विगत 16 जुलाई को कानपुर स्थित आई आई टी गेट से हमने अपनी यात्रा शुरू की थी जो बिल्हौर, कन्नौज, कुसमरा, मैनपुरी, कुरावली, मलावन होकर आज एटा पहुंचे हैं। इस बीच हमने रास्ते में जगह-जगह स्कूल, सामाजिक संस्थाओं, धार्मिक स्थानों में न केवल गांधी के संदेशों का प्रचार किया व समाज में विघटनकारी ताकतों से सतर्क रहने और शांति-सदभाव से रहने की अपील भी की। उक्त विचार में होटल एसजेडी इन में संवाददाताओं के प्रश्नों के जबाव में साईकिल यात्रा



का नेतृत्व कर रहे ग्राम सेवा दल के संस्थापक अध्यक्ष श्री कृष्ण मुरारी उर्फ केएम भाई ने दी। इस अवसर पर लेखक, प्रख्यात पर्यावरणविद व सामाजिक कार्यकर्ता ज्ञानेन्द्र रावत,जाने माने शिक्षाविद एवं सर्वोदय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य व विजय मिश्रा, एडवोकेट अमित कुमार, कासगंज लोकदल के पूर्व नेता ओमप्रकाश यादव एडवोकेट, पर्यावरण कार्यकर्ता कैलाश सविता, प्रधानाचार्य मनोज तिवारी, छात्र नेता युवराज सिंह आदि समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों, राजनैतिक दलों व स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ताओं, वकीलों और नवरतन शाक्य के नेतृत्व में जवाहर लाल पीजी कालेज के छात्रों की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय थी। भाई कृष्ण मुरारी ने कहा कि आज समूचा विश्व नफरत और हिंसा की आग में झुलस रहा है। हालात यह हैं कि आज एक ओर लोग भूख और प्यास से मर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शक्तिशाली कहे जाने वाले देश साम्राज्य विस्तार की खातिर युद्ध में जूझ रहे हैं। चार से अधिक माह से जारी रूस और यूक्रेन का युद्ध भीषण नाभिकीय युद्ध की ओर अग्रसर है। यदि ऐसा हुआ तो इसके काफी गंभीर परिणाम होंगे जिसकी कल्पना से ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। दुख इस बात का है कि इस युद्ध में न केवल वेशकीमती ऐतिहासिक धरोहरों और संसाधनों का विनाश हो रहा है, सार्वजनिक संपत्तियों, प्राकृतिक संपदाएं तबाह हो गयीं हैं। इस तबाही में स्कूल, कालेज, अस्पताल, शरणगाह कोई नहीं बचा है,वहीं भयावह खाद्यान्न संकट की संभावना को नकारा नहीं जा सकता। बात का है कि शिक्षा और चिकित्सा जैसे आवश्यक विषयों पर किसी का ध्यान ही नहीं है। शिक्षा और रोजगार के अभाव में नौजवान अराजकता की ओर बढ़ रहा है। इसका फायदा मौकापरस्त सांप्रदायिक ताकतें सांप्रदायिक तनाव फैलानै में उठा रही हैं। विश्व युद्ध का परिणाम हम सबके सामने है, इसलिए युद्ध तत्काल खत्म होना चाहिए। यदि युद्ध तत्काल नहीं रोका गया तो इससे होने वाले नुकसान की भरपायी सदियों में भी पूरी नहीं हो पायेगी। पर्यावरणविद ज्ञानेन्द्र रावत ने कहा कि यह हमारे जनपद के लिए बड़े गर्व का विषय है कि इतने अहम विषय पर जनजागरण हेतु कानपुर से देश की राजधानी दिल्ली तक साईकिल यात्रा करने वाले दल का एटा वासियों को स्वागत करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इन सभी का यह प्रयास न केवल प्रशंसनीय है बल्कि स्तुति योग्य भी है।

# तीस क्विंटल ग्लूकोज़ बीस ड्रम तेल के साथ एटा खाद्य विभाग ने संयुक्त स्वाट टीम कार्यवाही में पकड़ा बड़ा जखीरा, हुई सेम्पलिंग, एक गिरफ्तार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा– थाना कोतवाली देहात पुलिस को मिली बड़ी सफलता, लूट की योजना बनाते हुये तीन शातिर अंतर्जनपदीय अभियुक्त तीन अवैध तमंचा, 26 जिंदा व 03 खोखा कारतूस तथा एक बुलेट मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार। घटना का विवरण – दिनांक 20.07.2022 को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर लूट की योजना बनाते समय तीन अभियुक्तगणों को दो अवैध तमन्चा 12 बोर मय 21 कारतूस जिन्दा व 03 खोखा कारतूस व एक अवैध तमंचा 315 बोर मय 05 कारतूस तथा एक बुलेट मो0सा0 सहित आईटीआई कालेज के पास कासगंज रोड से समय करीब 19.30 बजे गिरफ्तार किया गया है। पंजीकृत अभियोगों का विवरण – गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना कोतवाली देहात पर निम्न अभियोग पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। 1. मु0अ0सं0 252/2022 धारा 398, 401 भादवि बनाम 1. लक्की सिंह पुत्र गुरुमीत सिंह नि0 इन्द्रनगर खैर रोड थाना दहली गेट जिला अलीगढ़ मूल निवासी नीवरी थाना सोरो जिला कासगंज 2. राहुल पुत्र किशनपाल नि0 मौ0 नगला महताब थाना दहली गेट जिला अलीगढ़ 3. चन्द्रमोहन उर्फ चिन्टू पुत्र हरवीर सिंह निवासी मोती विहार कालौनी प्रेम नगर थाना दहली गेट जिला अलीगढ 2. मु0अ0सं0 253/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम लक्की सिंह 3. मु0अ0सं0 254/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम राहुल 4. मु0अ0सं0 255/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम चन्द्रमोहन उर्फ चिन्टू मुख्य बिंदु - अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं जो आस पास के जिलों में रैकी कर व्यापारी व अन्य राहगीरों के साथ लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देकर वापस अपने गंतव्य स्थान पर चले जाते हैं जनपद अलीगढ़ में भी कई घटनाओं को चोरी छिपे अंजाम दिया गया है जिसके सम्बन्ध में जनपद अलीगढ़ से जानकारी की जा रही है। दिनांक 20.07.2022 को उपरोक्त अभियुक्तगण व्यापारिक प्रतिष्ठानों की रैकी कर रहे थे घटना कारित करने से पूर्व ही तीनों उपरोक्त अभियुक्तगणो को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता– लक्की सिंह पुत्र गुरुमीत सिंह नि0 इन्द्रनगर खैर रोड थाना दहली गेट जिला अलीगढ़ मूल निवासी नीवरी थाना सोरो जिला कासगंज राहुल पुत्र किशनपाल नि0 मौ0 नगला महताब थाना दहली गेट जिला अलीगढ़। चन्द्रमोहन उर्फ चिन्टू पुत्र हरवीर सिंह निवासी मोती विहार कालौनी प्रेम नगर थाना दहली गेट जिला अलीगढ़ आपराधिक इतिहास अभियुक्त लक्की सिंह- 1.मु0अ0स0 509/21 धार 506 भादवि थाना देहली गेट अलीगंढ 2.मु0अ0स0-519/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना देहली गेट अलीगंढ। 3.मु0अ0स0 252/22 धारा 398/401 भादवि थाना को0देहात एटा । 4.मु0अ0स0 253/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना को0 देहात एटा। बरामदगी- दो अवैध तमन्चा व 21 कारतूस जिन्दा व 03 खोखा कारतूस 12 बोर एक अवैध तमंचा व 05 जिंदा कारतूस 315 बोर एक कारतूस की पेटी एक बुलेट मोटर साइकिल बिना नम्बर गिरफ्तार करने वाले अधिकारी/कर्मचारी गण- प्रभारी निरीक्षक जगदीश चन्द्र निरीक्षक अपराध श्री नरेश सिंह उ0नि0 विपिन कुमार भाटी है0का0473 एस कुमार का0427 किरनपाल सिंह चालक का0 धर्मेन्द्र तोमर

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# लगातार हो रही साल व बीजा सिल्ली की तस्करी, सीमावर्ती जंगल में बढ़ी तस्करों की सक्रियता में

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- बारिश का मौसम शुरू होने के साथ ही क्षेत्र के जंगलों में लकड़ी तस्करों की सक्रियता बढ़ गई है। क्षेत्र के ग्रामीण भी वनकर्मियों की लापरवाही का फायदा उठाकर वनभूमि पर अतिक्रमण करने की कोशिश शुरू कर दिए हैं। जंगल की अवैध कटाई रोकने कारगर पहल नहीं की गई तो भविष्य में क्षेत्र के जंगल ठूंठ में तब्दील हो जाएंगे। गुरूघासी दास राष्ट्रीय उद्यान एवं वनपरिक्षेत्र बिहारपुर का सीमावर्ती क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों के मामले में काफी समृद्ध है। क्षेत्र के घने साल वन में विभिन्न प्रजाति के जीव-जंतुओं को देखा जा सकता है। बीच-बीच में तेंदुए की दहाड़ से क्षेत्रवासी थर्रा उठते हैं। गुरूघासी दास नेशनल पार्क में किसी के भी घुसने की मनाही है। हालांकि शासन के इस निर्देश का पालन नहीं होता फिर भी उद्यान का जंगल काफी संरक्षित वनक्षेत्रों में अवैध कटाई का सिलसिला नहीं रूक रहा है। कोरोना काल में वनकर्मियों द्वारा जंगलों से किनारा करने के बाद क्षेत्र में अवैध कटाई जोरों पर है। सीमावर्ती ग्राम पंचायत उमझर, रामगढ़, खोहिर, बैजनपाट, कोल्हुआ, चाँगा, खैरा, करौटी, जुड़वनिया, कछवारी, महुली एवं मोहरसोप जंगल में साल, बीजा सहित अन्य इमारती प्रजाति के पेड़ों की अवैध कटाई जोरो पर है। बारिश शुरु होने के बाद क्षेत्र के ग्रामीण पेड़ काटकर वन भूमि पर अतिक्रमण कर रहे हैं वही लकड़ी तस्कर पेड़ों की सिल्ली बना कर तस्करी कर रहे हैं तस्करी कर रहे हैं। मध्यप्रदेश की सीमा नजदीक होने एवं सिल्ली की अच्छी कीमत मिलने के कारण दर्जनों तस्कर बाइक से लकड़ी की तस्करी कर रहे हैं। तस्करों से गुरूघासीदास राष्ट्रीय उद्यान भी अछूता नहीं है। महुली जंगल में तस्कर हरे पेड़ों को काटकर ठूंठ में तब्दील कर रहे हैं। जंगल में सैकड़ों पेड़ों के ठूंठ देखे जा सकते हैं। अवैध कटाई को लेकर न तो उद्यान प्रशासन कोई कार्रवाई कर रहा है न ही वन अधिकारी वन अधिकारियों की लापरवाही से तस्करों की हिम्मत इतनी बढ़ गई है अब सड़क किनारे के पेड़ों को ही काटना शुरू कर दिए हैं। वनों की सुरक्षा के लिए ग्राम स्तर पर वन सुरक्षा समितियों का गठन किया गया है लेकिन समिति के सदस्यों की गतिविधियां पूर्णतः शांत पड़ गई है। वनकम भी इनकी खोज खबर नहीं लेते।

## बैरियर बना अनुपयोगी

गुरु घासी दास राष्ट्रीय उद्यान द्वारा सीमा पर उमझर बिहारपुर मार्ग में मकरा दुआरी के पास लकड़ी तस्करी रोकने बैरियर अब बेरियर पर तैनात कर्मचारी के लिए पास में आवास भी बनाया जा रहा है। बैरियर के रास्ते ही तरकर बाइक से सिल्ली की तस्करी करते हैं। तस्करी के लिए तस्कर पुरानी बाइक का उपयोग करते हैं तथा वनकर्मियों को देखते ही बाइक छोड़कर फरार हो जाते है। कछवारी खोहिर एवं कोल्हुआ जंगल में तस्करों का संगठित गिरोह सक्रिय है।

# ग्राम पंचायत महुली का पंचायत भवन जर्जर

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर- गांवों और ग्रामीणों की दशा सुधारने के लिए सरकार हर ग्राम पंचायत में ऐसे भवनों का निर्माण करवाती है जहां ग्रामीण और पंचायत प्रतिनिधि गांवों की समस्या और विकास के मुद्दों पर सभा का आयोजन कर उसके निवारण की रूपरेखा बनाते हैं मगर जिले में ऐसे भी ग्राम पंचायत भवन है जो अत्यंत जर्जर हो गए हैं। कुछ महीनों पूर्व पंचायत भवन का रंगरोगन कर इसे बाहर से चमका दिया गया था लेकिन अंदर का हाल बहुत ही खराब है। छत की सीमेंट टूट कर गिर गई है। प्लास्टर जगह-जगह से उखड़ गया है छत व दीवारों में दरारें आ गई हैं। जर्जर पंचायत भवन का हाल देखते हुये पंचायत प्रतिनिधि इसे बंद रखते हैऔर कोई बैठक आयोजित नहीं की जाती है। पंचायत भवन की खतरनाक स्थिति को देखते हुए पंचायत प्रतिनिधि बेबस हैं। कई बार नया पंचायत भवन बनाने के लिए आवेदन भी दिये, नए भवन की स्वीकृति नहीं मिली और ना ही इस ओर कोई पहल की गयी। ग्रामीणों के अनुसार हर साल जर्जर पंचायत भवन की मरम्मत के नाम से पैसे का आहरण किया जा रहा हैं। लेकिन भवन की स्थिति में सुधार नहीं हो सका है। ग्रामीणों के अनुसार पहले गांव की बैठकें इसी भवन में आयोजित की जाती थी लेकिन रखरखाव के अभाव में भवन जर्जर होने के बाद इस ओर देखने वाला कोई नहीं है। भवन की दीवार कई जगह टूट चुकी है तथा प्लास्टर उखड़ गया है। बैठक के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होती है।



# सूरजपुर पुलिस की नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई, 55 हजार रूपये के नशीली दवाईयों सहित 1 गिरफ्तार



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- 110 नग नशीली कफ सिरप व परिवहन में मोटर सायकल जप्त। सूरजपुर। पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश के बाद अवैध कारोबार करने वालों पर पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में थाना झिलमिली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटर सायकल में नशीली दवाई लेकर सूरजपुर से भैयाथान की ओर जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के मार्गदर्शन में गुरूवार को थाना झिलमिली की पुलिस ने ग्राम करकोटी में घेराबंदी कर मोटर सायकल सहित लल्लू उर्फ मोहम्मद ईस्माइल पिता मोहम्मत युसुफ उम्र 31 वर्ष निवासी कब्रिस्तान मोहल्ला सूरजपुर को पकड़ा जिसके कब्जे से ऑनरेक्स कफ सिरप 110 नग जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 55000 रूपये है। मामले में नशीली कफ सिरप व परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी झिलमिली नरेन्द्र सिंह, एसआई सी.पी.तिवारी, एएसआई धनेश्वर कुशवाहा, पासकल लकड़ा, प्रधान आरक्षक हितेश्वर राजवाड़े, महेन्द्र यादव, सुशील, हेमन्त सोनवानी, आरक्षक भीमेश आर्मो, निलेश, कमलेश, अवधेश, राजू, अंचल नोबिन व सैनिक अनिल सक्रिय रहे।

# खेत तराई में लगे टूल्लू पम्प चोरी मामले में 3 गिरफ्तार, थाना जयनगर पुलिस की कार्यवाही



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- दिनांक 20.07.22 को ग्राम परसापारा निवासी ननकू राम ने थाना जयनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि खेत तराई के लिए डेढ एचपी का टूल्लू बिजली पम्प बीते रात्रि में अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर धारा 379 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने अज्ञात चोर की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर मार्गदर्शन में थाना जयनगर की पुलिस आरोपी की पतासाजी में लगी थी कि मुखबीर से सूचना मिला कि गांव के ही भूलन राम राजवाड़े, रामरूप बिंझिया व राकेश राजवाड़े चोरी की टूल्लू पम्प बिक्री करने ग्राहक की तलाश कर रहे है। पुलिस ने तीनों संदेहियों को दबिश देकर पकड़ा, पूछताछ पर आरोपियों ने एक राय होकर टूल्लू बिजली पम्प चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के निशानदेही पर 1 नग डेढएचपी का टूल्लू बिजली पम्प कीमत 11400 रूपये का बरामद कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर सुभाष कुजूर, एएसआई वरूण तिवारी, प्रधान आरक्षक शिव राजवाड़े, अशोक साहू, आरक्षक विकास मिश्रा, मितेश मिश्रा, विवेक विश्वकर्मा व आरक्षक सोनू सक्रिय रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com